# कार्यालय कलेक्टर (लोसेप्र) जिला रतलाम म.प्र.

क्रं./2560 /लोसेप्र/समिति/2017 रतलाम दिनांक 12/10/2017

//विज्ञापन//

मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के परिपत्र क्रमांक/एफ–2/10/2012/सात/4–ए दि. 09 अगस्त 2017 में निहित निर्देशानुसार लोक सेवा प्रबंधन विभाग के प्रभावी कियान्वयन के लिए पद कार्यालय सहायक सह डाटा एंट्री आपरेटर के स्वीकृत 02 पद की पूर्ति संविदा आधार पर किये जाने हेतु निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र जिलें की वेबसाईट **www.ratlam.nic.in** के माध्यम से डाउनलोड कर ए4 साईज पर पूर्ण रूप से वांछित जानकारी सहित आमंत्रित किये जाते है। आवेदन करने की अंतिम दिनांक 02/11/2017 को सांय: 5:00 बजें तक डाक एवं समक्ष में कार्यालयीन दिवस एवं समय में उपस्थित होकर आमंत्रित किये जाते है।

| पदनाम | मानदेय | वर्ग/संवर्ग | कुल पद | मुक्त |
|---|---|---|---|---|
| कार्यालय सहायक सह डाटा एंटी ऑपरेटर | 10,000/– प्रतिमाह | अनारक्षित | 01 | 01 |
| | | पिछड़ा वर्ग | 01 | 01 |
| कुल योग | | | 02 | 02 |

शैक्षणिक, व्यवहारिक एवं तकनीकी योग्यता :–

1. कार्यालय सहायक सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के पदों पर भरती के लिए सी.पी.सी.टी. परीक्षा उत्तीर्ण के माध्यम से हाई स्कोर कार्ड धारित करना पर्याप्त होगा।
2. कार्यालय पत्र एवं कार्यलयीन कार्य को हिन्दी एवं अग्रेजी में टंकण की दक्षता।
3. डाटा फीडिंग के कार्य की जानकारी।
4. दस्तावेजों की स्कैंनिग ।
5. एम.एस. ऑफिस तथा डाटा बैस सॉफ्टवेयर में कार्य करने का 03 साल का अनुभव।
6. शैक्षणिक योग्यता 12 कक्षा उत्तीर्ण।
7. एक वर्ष यू.जी.सी. से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा कम्प्यूटर का डिप्लोमा।

संविदा नियुक्ति की सामान्य शर्तेः–

1. संविदा नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष के लिये वैद्य होगी।
2. 01.01.2017 को 18 वर्ष से 35 वर्ष तक (शासकीय विभाग/उपक्रम/मण्डल में संविदा पर कार्यरत् कर्मचारियों को 05 वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी।
3. संविदा नियुक्ति के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा 01 माह का नोटिस या वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
4. इस संविदा नियुक्ति के आधार पर नियमितिकरण संबंधी कोई मांग या दावा नही किया जावेगा।

मानदेय / पारिश्रमिक :–

1. संविदा सेवा में प्रतिमाह एकजाई वेतन 10,000 / – मात्र देय होगा।
2. संविदा नियुक्ति के दौरान शासकीय आवास गृह की पात्रता नही होगी।
3. यात्रा भत्ते की पात्रता उसी प्रकार होगी, जैसे किसी तृतीय श्रेणी कर्मचारी को होती है।

आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि :–

दिनांक 02/ 11/2017 को शाम 5:00 बजें तक ही डाक एवं समक्ष में कार्यालयीन दिवस एवं समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत किये जा सकते है। निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जावेगा।

चयन प्रकिया :–

1 सभी प्राप्त आवेदनों को शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता के मापदण्ड अनुसार मेरिट लिस्ट तैयार की जावेगी। साथ ही वांछित अर्हता के संबंध में कम्प्यूटर पर टंकण एवं डाटा फीडिंग, दस्तावेजों की स्कैंनिग संबंधी परीक्षा ली जावेगी।

2 दो आवेदकों के प्राप्तांक समान होने पर अधिक आयु वाले आवेदक को वरीयता दी जावेगी।

3 प्रकिया से चयनित अभ्यर्थीयों को समग्र रुप से पद के लिये योग्य उम्मीदवारों को अनुबंध पश्चात् कार्य आदेश सौंपा जाएगा।

अन्य शर्ते :–

1. आवेदन केवल जिले की वेबसाईट **www.ratlam.nic.in** पर अपलोड किये गये प्रारूप में ही डाक के माध्यम से एवं कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन समय में समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत किये जा सकेगें।
2. आवेदक द्वारा आवेदन पत्र पर अपूर्ण / त्रुटिपूर्ण अथवा असत्य जानकारी दने पर आवेदन निरस्त किया जावेगा।
3. अभ्यार्थी का मध्यप्रदेश का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।
4. प्राप्त आवेदनों की जॉच के पश्चात् मेरिट लिस्ट में पाये गये पात्र उम्मीदवारों की सूचना जिलें की वेबसाईट पर सूची के माध्यम से प्रदर्शित की जावेगी। जो आवेदक पात्र नही होंगे, उन्हें पृथक से कोई सूचना नही दी जावेगी।
5. प्राप्त आवेदनों को उनके सी.पी.सी.टी. स्कोरकार्ड अनुसार विभिन्न वर्ग वार पृथक–पृथक मेरिट सूची तैयार कर सार्वजनिक रूप से प्रकाशित कर दावे आपत्ति प्राप्त करेंगे। तत्पश्चात् मेरिट सूची अनुसार संविदा नियुक्ति आदेश जारी किए जायेगें।
6. चयनित उम्मीदवारों को एक माह के नोटिस पर हटाया जा सकेगा।
7. विज्ञप्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी एन.आई.सी. की वेबइर्साट. **www.ratlam.nic.in** एवं जिला कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा है, पर देखी जा सकती है।

कलेक्टर
जिला–रतलाम (म.प्र.)

क्रमांक RS61 / लो.से.प्र. / 2017 रतलाम, दिनांक 12 / 10 / 2017
प्रतिलिपि :—

01- प्रमुख सचिव, लोक सेवा प्रबंधन विभाग मंत्रालय भोपाल की ओर सूचनार्थ।
02- मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रतलाम की ओर सूचनार्थ।
03. जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र अधिकारी, रतलाम की ओर विज्ञापन को एन.आई.सी. रतलाम की वेबसाईट पर लोड करने हेतु पालनार्थ।
04. जिला सम्पर्क अधिकारी, जिला रतलाम की ओर विज्ञप्ति प्रकाशनार्थ एवं प्रकाशित विज्ञप्ति की प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु।
05. अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व, (समस्त) .......................... की ओर सूचनार्थ।
06. तहसीलदार, तहसील (समस्त) ............................... की ओर प्रचार–प्रसार हेतु तहसील कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा किये जाने हेतु।
07. अधीक्षक, कार्यालय कलेक्टर जिला–रतलाम की ओर सूचनार्थ एवं विज्ञप्ति कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा किये जाने हेतु ।

कलेक्टर
जिला–रतलाम (म.प्र.)

# आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

कलेक्टर

................................ (म.प्र.)

फोटो

विषयः– कार्यालय सहायक सह–डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के पद पर संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र।

1. अ. आवेदक का पुरा नाम (हिन्दी में) ..........................................................

   ब. अंग्रेजी में (केपिटल अक्षरों में ) ..........................................................

2. लिंग– (पुरूष / महिला) ..........................................................

3. पिता / पति का नाम उपनाम सहित ..........................................................

4. अ. पत्र व्यवहार का पता..........................................................

   ..........................................................

   ब. स्थाई पता .......................................................... ..........

   ..........................................................

   (पिन कोड सहित)

5. जन्मतिथि ..............................वर्ष.....................माह......................दिन.................

   (10+2 परीक्षा के प्रमाण–पत्र के आधार पर)

   शब्दों में ..........................................................

6. दिनांक 01.01.2017 को आयु : वर्ष.................. माह.....................दिन.............

7. क्या मध्यप्रदेश के मूल निवासी है? हॉ / नही ..................

   (चयन की स्थिति में संविदा के पूर्व मूल निवासी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा)

8. क्या आवेदन म.प्र. शासन द्वारा म.प्र. के लिये घोषित एवं मान्य अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछडा वर्ग का सदस्य है ? हॉ / नही ..........

9. क्या आवेदक निःशक्त है ? हॉ / नही ...................

10. शैक्षणिक योग्यता :–

| क्रं. | परीक्षा का नाम | संस्था / बोर्ड / वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | विषय | प्राप्तांको का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | हायर सेकेण्डरी | | | | |
| 02 | कम्प्यूटर का डिप्लोमा (यू.जी.सी.) | | | | |

11. तकनीकी योग्यता (सी.पी.सी.टी. स्कोर कार्ड) :–

| क्रमांक | उत्तीर्ण वर्ष | कम्प्यूटर ज्ञान (प्रतिशत में) | अग्रेजी टंकण (प्रतिशत में) | हिन्दी टंकण (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |

12. कार्य अनुभव के विवरण–इस संबंध में आवश्यक सत्यापित प्रमाण–पत्र संलग्न करें।

:: घोषणा–पत्र ::

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त जानकारी जो मेरे द्वारा दी गई है, वह पूर्णतः सत्य है एवं आवेदित पद हेतु निर्धारित पात्रता रखता/रखती हूँ। जानकारी असत्य पाये जाने की दशा में मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे अंतिम जीवित बच्चे का जन्म (यदि दो से अधिक बच्चे हो तो) 26.01.2001 के पश्चात् नहीं हुआ है।

दिनांक :

स्थान :

आवेदक के हस्ताक्षर
एव पूरा नाम